**विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर विशेष :-**
**ग्वालियर :**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय एवं मेडिकल विंग राजयोग एज्युकेशन एण्ड रिसर्च फाउंडेशन ग्वालियर के द्वारा

रेलवे स्टेशन पर व्यसन मुक्ति की प्रदर्शनी लगाई गई जिसका शुभारंभ रेलवे स्टेशन डारेक्टर श्री दीपक चौबे, स्टेशन मैनेजर श्री पी. पी. चौबे, टी.आई श्री आनंद पांडेय, एस.आई. श्री विनोद कुमार राय, बी.के.आदर्श बहन जी संचालिका लश्कर सेवाकेंद्र, बी.के. प्रहलाद भाई द्वारा किया गया। इसका उद्देश्य लोगो को तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट, गुटका, शराब आदि से होने बाले नुकसान के बारे में बताना एवं उनको इन नशीले पदार्थो को छोड़ने के लिए प्रेरित करना है।

इस अवसर बी.के.आदर्श बहन जी ने अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि नशा नाश की जड़ है मनुष्यो को किसी भी प्रकार का नशा नहीं करना चाहिए इससे बहुत सारे नुकसान है, भगवान ने सभी को सुन्दर जीवन दिया है मनुष्यों को इसकी कदर करना चाहिए आज अधिकतर लोग नशे की चपेट में है । नशे से किसी प्रकार का कोई फायदा नहीं होता फिर भी लोग नाश करते है इसका मतलब बाई वह अपनी समझ खो चुका है , समझदार व्यक्ति वह जो हर प्रकार के नशे से दूर रहता हो ऐसे लोगो का जीवन हमेशा खुशियों से भरा रहता है।

रेलवे स्टेशन पर भारी संख्या में लोंगो ने प्रदर्शनी को समझकर व्यसन छोड़ने का दृढ संकल्प किया। यहाँ पर एक व्यसनमुक्ति पात्र एवं संकल्प पात्र रखा गया जिसमें लोगो द्वारा अपनी बीड़ी, तम्बाकू, गुटका सिगरेट आदि दान कर संकल्प पत्र भरे एवं नशा न करने के लिए संकल्प लिया।

इस अवसर पर बी.के.विजेंद्र, बी.के. रमन बी.के.राजेन्द्र, बी.के.आरती, बी.के. सीमा, बी.के. उपासना बी.के.पंकज, बी.के. आशीष बी.के. दिवाकर, बी.के. जीतेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

--
**Brahma Kumaris**

**Sangam Bhawan,**
**Old Highcourt Lane**

**Lashkar, Gwalior**
**(MP)**

**Email:** indraganj.gwl@bkivv.org
**website:** www.gwalior.bk.ooo
**0751-2370771 / 09425775973**